gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 अप्रैल 2021

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-7 अप्रैल 2021

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले सप्ताह** (1-7) अप्रैल **2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. फेसबुक ने अमेरिका को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ अंडर-सी केबल के माध्यम से जोड़ने के लिए किस कंपनी के साथ भागीदारी की है_____**गूगल।**

   नोट:
   - प्रारंभिक चरण में, 2 अंडर-सी केबल: इको और बिफ्रोस्ट, अमेरिका को ट्रांस-पैसिफिक क्षेत्र में एक विविध समुद्री मार्ग के माध्यम से इंडोनेशिया के साथ जोड़ेंगी।
   - नोट- फेसबुक ने सार्वजनिक वाई-फाई हॉट स्पॉट विकसित करने के लिए इंडोनेशिया में 3000 किलोमीटर फाइबर भेजा किया है।
   - "इको" - फेसबुक द्वारा गूगल और इंडोनेशिया की दूरसंचार कंपनी XL एक्ज़िऐटा की साझेदारी में बनाया गया है। इसके 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है।

2. किस संस्था ने 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ इन इंडियाज हेल्थकेयर सेक्टर' नामक एक रिपोर्ट जारी की है जिसने भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक निवेश अवसरों पर ध्यान आकर्षित किया है_____**नीति आयोग।**

   नोट:
   - रिपोर्ट भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर ध्यान आकर्षित करती है।
   - वर्ष 2022 में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश 372 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।
   - इस क्षेत्र में FDI इन्फ्लो 2011 में 94 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2016 में 1275 मिलियन अमेरिकी डॉलर (13.5 गुने की छलांग) हुआ।

3. निजी क्षेत्र के किस बैंक ने यूके स्थित बिजनेस बैंकिंग फिनटेक Tide प्लेटफॉर्म लिमिटेड (Tide) के साथ Tide के भारतीय प्लेटफॉर्म को बैंक खाता अवसंरचना प्रदान करने हेतु साझेदारी की है, जो मुख्य रूप से लघु एवं मध्यम उद्यम (SME) सहायता पर केंद्रित है_____**RBL बैंक।**

   नोट:
   - यूके के बाहर Tide का पहला बाजार भारत है, जिसका कारण उसकी लगभग 63 मिलियन की विशाल SME आबादी और लोगों की उद्यमशीलता भावना है।
   - पेयू (भुगतान सेवा प्रदाता) के पूर्व उपाध्यक्ष गुरजोधपाल सिंह भारत में Tide के कारोबार का नेतृत्व करेंगे।

4. किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारत में ऑफलाइन खुदरा विक्रेताओं और छोटे व्यवसायों को डिजिटल बनाने के लिए nStore टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड (nStore) के साथ भागीदारी की _____**उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन SFB) ने भारत में ऑफलाइन खुदरा विक्रेताओं और छोटे व्यवसायों को डिजिटल बनाने के लिए nStore टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड (nStore) के साथ भागीदारी की।
- इस सहयोग के तहत, उज्जीवन SFB स्थानीय व्यवसाय के स्वामी अपने चालू खाताधारकों को मोबाइल एप्लिकेशन 'nLincs' प्रदान करेगा और उन्हें अपने उत्पाद ऑनलाइन बेचने में सक्षम बनाएगा।

5. किस बैंक ने भारत में जापानी ऑटोमोबाइल निर्माताओं को संपूर्ण व्यापार संचालन हेतु ऋण प्रदान करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (JBIC) के साथ 1 बिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____**भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- अक्टूबर 2020 में, SBI ने JBIC के साथ 1 बिलियन डॉलर का ऋण समझौता किया था। वर्तमान ऋण समझौते के बाद, कुल ऋण सुविधा अब लगभग 2 बिलियन डॉलर है।
- वित्तपोषण सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल में सहायता करेगा।
- SBI भारत में जापानी ऑटोमोबाइल के निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और डीलरों को निधि सहायता के लिए पुनर्वित्त के साथ ऋण प्रदान करेगा।

6. UN-ESCAP द्वारा जारी रिपोर्ट "इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसेफिक 2021" के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष 2021-22 में किस दर से बढ़ेगी_____ 7 **प्रतिशत।**

नोट:

- रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020 में 7.7% (-7.7%) के संकुचन के सामने वित्त वर्ष 2021 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।
- इसने भारत सहित एशिया प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं में "K-आकार की बहाली" सूचित की है।

7. किन दो बैंकों ने वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन और कार्ड कंपनी वीज़ा के साथ उनके साझेदार के रूप में खुदरा भुगतान हेतु एक न्यू अंब्रैला यूनिट (NUE) लॉन्च करने के लिए समझौता किया है _____**ICICI बैंक और एक्सिस बैंक।**

नोट:

- ICICI बैंक और एक्सिस बैंक में से प्रत्येक बैंक 20% हिस्सेदारी (40%) और अन्य साझेदार अमेजन, बिलडेस्क, पाइन लैब्स तथा वीज़ा में से प्रत्येक 15% की हिस्सेदारी (60%) के साथ सह-नेतृत्व करेंगे।
- RBI ने कैशलेस भुगतान को तेज करने हेतु NPCI के एक वैकल्पिक तंत्र (प्रतिद्वंदी) के निर्माण में भुगतान प्रणालियों के लिए अन्य संगठनों को अंब्रैला यूनिट स्थापित करने की अनुमति दी है।
- RBI ने NUE निर्माण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2021 निर्धारित की है।

8. विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस स्प्रिंग अपडेट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर क्या होगी_____**10.1%।**

नोट:

- रियल इंडिया GDP विकास दर 7.5% से 12.5% की सीमा में होगी।
- विश्व बैंक के अनुसार, प्रतिवेदित वित्त वर्ष के दौरान सरकारी खपत में लगभग 16.7% की वृद्धि होने की संभावना है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- रिपोर्ट दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए 2021 में 7.2% और 2022 में 4.4% की वृद्धि का पूर्वानुमान बताती है।

9. सरकार ने 2020-21 में राष्ट्र के स्वामित्व वाले चार बैंकों के लिए ब्याज रहित बांड जारी करके उनमें कितनी धनराशि डालने की घोषणा की है_____**14,500 करोड़ रुपये।**

नोट:

- चार बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक हैं।
- छह अलग-अलग परिपक्वताओं के साथ पुनर्पूंजीकरण बांड जारी किए जाएंगे, और पात्र बैंक आवेदन के अनुसार धनराशि के लिए विशेष प्रतिभूतियां सममूल्य पर होंगी।
- यह निवेश 2020-21 के लिए PSB में सरकार का कुल पूंजीगत निवेश 20,000 करोड़ रुपये पूरा करेगा।

10. RBI ने आवर्ती ऑनलाइन लेनदेन संसाधित करने के लिए समयसीमा कब तक बढ़ाई है_____ **30 सितंबर, 2021।**

नोट:

- इससे पहले, दिसंबर 2020 में, RBI ने RRB, NBFC और पेमेंट गेटवे सहित सभी बैंकों को निर्देश दिया था कि कार्ड या प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (PPI) या यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस का उपयोग करके आवर्ती लेनदेन (घरेलू या सीमा-पार) की प्रॉसेसिंग 31 मार्च, 2021 के बाद जारी नहीं रहेगी यदि वे अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक (AFA) का अनुपालन नहीं करते हैं।

11. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की छठी वार्षिक बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया_____ **निर्मला सीतारमण।**

नोट:

- केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री और न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) में भारत की गवर्नर श्रीमती निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की छठी वार्षिक बैठक में भाग लिया।
- बैठक में ब्राजील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के गवर्नर/ वैकल्पिक गवर्नर भी उपस्थित थे।

12. नेशनल इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (NIIFL) ने किस हॉस्पिटल ग्रुप में 2100 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उसका पहला निवेश है_____**मणिपाल हॉस्पिटल्स।**

नोट:

- NIIFL को मणिपाल हॉस्पिटल्स में अल्प हिस्सेदारी मिलेगी क्योंकि मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप के चेयरमैन रंजन पाई कंपनी में अपनी अल्प हिस्सेदारी बेच रहे हैं।
- जनवरी 2021 में मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल का अधिग्रहण किया।
- यह निवेश मणिपाल हॉस्पिटल्स को भारत की सबसे बड़ी अस्पताल श्रृंखला बनने के लिए उनके विकास के सफर में सहायता करेगा।
- NIIFL तीन फंड (मास्टर फंड, फंड ऑफ फंड्स और स्ट्रैटेजिक अपॉर्च्युनिटी फंड) में 4.5 बिलियन डॉलर से अधिक की इक्विटी पूंजी प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करता है।

13. किस बैंक ने महाराष्ट्र के मुंबई के सांताक्रूज स्थित रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (RInfra) का रिलायंस सेंटर 1200 करोड़ रुपये में खरीदा है_____**यस बैंक।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सांताक्रूज़ में 21432.28 वर्ग मीटर भूखंड के कार्यालय भवन की बिक्री का उपयोग यस बैंक के ऋण को चुकाने के लिए किया जाएगा।
- सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रेस्ट (SARFAESI) अधिनियम 2002 के तहत, यस बैंक ने 6 मई 2020 को रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 2,892 करोड़ रुपये के ऋणों का भुगतान नहीं करने को लेकर डिमांड नोटिस जारी किया।

14. कौन सी डिजिटल पेमेंट कंपनी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) इन्फ्रास्ट्रक्चर पर एक बिलियन लेनदेन को पार करने वाली पहली कंपनी बन गई_____ **फोनपे।**

नोट:

- कंपनी ने मार्च 2021 में यह उपलब्धि हासिल की, जब वॉलेट, कार्ड और साथ ही UPI भुगतान साधनों में उसके प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.3 बिलियन के आसपास था।
- फोनपे, जिसने पहली बार पिछले वर्ष दिसंबर में UPI पर बाजार नेतृत्व हासिल किया था, ने बढ़ते व्यापारी भुगतानों के पीछे अपने लेन-देन की संख्या में लगातार वृद्धि देखी है।

15. किस बैंक ने फोनपे ऐप पर UPI का उपयोग करके फास्टैग जारी करने के लिए डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे के साथ भागीदारी की है_____**ICICI बैंक।**

नोट:

- यह समझौता 280 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को ऐप पर फास्टैग को आसानी से ऑर्डर करने और ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है।
- फोनपे उपयोगकर्ता, जो किसी भी बैंक के ग्राहक हो सकते हैं, के पास पूर्ण डिजिटल अनुभव होगा क्योंकि उन्हें फास्टैग खरीदने के लिए स्टोर या टोल स्थानों पर नहीं जाना होगा। ICICI बैंक फास्टैग जारी करने के लिए फोनपे के साथ साझेदारी करने वाला पहला बैंक है।

16. IMF द्वारा जारी नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लिए विकास पूर्वानुमान क्या है_____ **12.5%।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2021-22 हेतु भारत के लिए विकास पूर्वानुमान को 12.5% तक सुधारा है।
- IMF ने इस वर्ष जनवरी में अनुमानित 5.5% की दर से ऊपर, वैश्विक अर्थव्यवस्था के 6% से विस्तार करने का अनुमान लगाया है।

17. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित नेगोशिएबल वेयरहाउस रिसिप्ट (NWR) / इलेक्ट्रॉनिक-NWR (e-NWRs) के सामने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (PSL) के अंतर्गत नई ऋण सीमा क्या है_____**75 लाख रुपये।**

नोट:

- कृषि उपज की गिरवी/ दृष्टिबंधन के सामने किसानों को अधिक ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने, और किसानों द्वारा इस तरह के वित्त का लाभ उठाने के लिए एक पसंदीदा साधन के रूप में विनियमित वेयरहाउसों द्वारा जारी NWR/ eNWR के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, NWRs/eNWRs पर ऋण के लिए PSL सीमा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये प्रति उधारकर्ता कर दी गई है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- NWR/ eNWR के अलावा वेयरहाउस रिसिप्ट द्वारा समर्थित PSL सीमा 50 लाख रुपये प्रति उधारकर्ता जारी रहेगी।

18. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिन की समाप्ति पर पेमेंट बैंक में रखे गई अधिकतम शेष राशि की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर कितनी कर दी गई है_____ **2.0 लाख रुपये।**

नोट:

- इससे पहले, सीमा 1 लाख रुपये थी।
- पेमेंट बैंक का लक्ष्य विशेषकर बचत खातों और भुगतान सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाना है।
- केंद्रीय बैंक ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए देश में पेमेंट बैंक शुरू किए थे।

19. अप्रैल 2021 तक, राज्य सरकारों/ केंद्रशासित क्षेत्रों के लिए अर्थोपाय ऋण (WMA) की बढ़ी हुई सीमा क्या है_____**47,010 करोड़ रुपये।**

नोट:

- केंद्रीय बैंक अपने अर्थोपाय ऋण (WMA) तंत्र के तहत सरकारों को यह सहायता प्रदान करता है।
- 32,225 करोड़ की पिछली सीमा की तुलना में नई सीमा 47,010 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।
- WMA दो प्रकार के होते हैं - सामान्य और विशेष। जहां सामान्य WMA बेजमानती अग्रिम है, वहीं विशेष WMA सुरक्षित अग्रिम है जो सरकारी प्रतिभूतियों के न्यास के खिलाफ प्रदान किए जाते हैं।

20. किस समिति की सिफारिश पर, RBI ने राज्य सरकारों/ केंद्रशासित प्रदेशों के लिए अर्थोपाय ऋण (WMA) सीमा 32,225 करोड़ रुपये (फरवरी 2016 में निर्धारित) से बढ़ाकर 47,010 करोड़ रुपए कर दी है _____**सुधीर श्रीवास्तव समिति।**

नोट:

- यह लगभग 46% की वृद्धि को दर्शाता है।
- WMA दो प्रकार के होते हैं - सामान्य और विशेष। जहां सामान्य WMA बेजमानती अग्रिम है, वहीं विशेष WMA सुरक्षित अग्रिम है जो सरकारी प्रतिभूतियों के न्यास के खिलाफ प्रदान किए जाते हैं।
- इससे पहले महीने में, RBI ने वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही के लिए केंद्र सरकार की WMA सीमा 1,20,000 करोड़ रुपये निर्धारित की थी।

21. किस संस्था ने बहु मापदंडों के आधार पर वित्तीय समावेशन सूचकांक (FI सूचकांक) की रचना और प्रकाशन का प्रस्ताव दिया है_____**RBI।**

नोट:

- RBI ने बहु मापदंडों के आधार पर वित्तीय समावेशन सूचकांक (FI सूचकांक) की रचना और प्रकाशन का प्रस्ताव पेश किया है।
- यह पिछले मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए हर वर्ष जुलाई में प्रकाशित किया जाएगा।
- पिछले कुछ वर्षों में, बैंकिंग नियामक ने वित्तीय समावेशन बढ़ाने और बैंक रहितों तक पहुंच के लिए कई उपायों की घोषणा की है।
- पिछले वर्ष, RBI ने भारत के लिए राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन कार्यनीति 2019-2024 जारी की थी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

22. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा शहद और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च किए गए "मधुक्रान्तिपोर्टल" के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग साझेदार कौन है_____**इंडियन बैंक।**

नोट:

- इस पोर्टल को डिजिटल पोर्टल पर शहद और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विकसित किया जा रहा है।
- इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग साझेदार इंडियन बैंक है।
- इस परियोजना के लिए NBB और इंडियन बैंक के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

23. मारुति सुजुकी ने ग्राहकों को ऑटो फाइनेंस प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_____**कर्नाटक बैंक।**

नोट:

- इस समझौते के दायरे में, मारुति सुजुकी कार खरीदने वाले लोग पूरे भारत में कर्नाटक बैंक की 858 शाखाओं में इस कार ऋण सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।
- इस साझेदारी का उद्देश्य हमारे ग्राहकों के लिए वाहन खरीदने की राह को आसान और किफायती बनाना है। त्वरित तकनीकी विकास और नए डिजिटल उपभोक्ता आचरण पूरे भारत में ऑटो बिक्री का निर्धारण कर रहे हैं।

24. कौन सा बैंक मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में सामूहिक रूप से 12.99% हिस्सेदारी के अधिग्रहण को पूरा करने के बाद, कंपनी में सह-प्रवर्तक बन गया है_____ **एक्सिस बैंक।**

नोट:

- ऋणदाता ने कहा कि एक्सिस बैंक और उसकी दो सहायक कंपनियां- एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और एक्सिस सिक्योरिटीज लिमिटेड - समझौता पूरा होने के बाद मैक्स लाइफ में सामूहिक रूप से 12.99% हिस्सेदारी की स्वामित्वधारक होंगी।
- इस लेन-देन के समापन के साथ, मैक्स लाइफ बोर्ड को बोर्ड में एक्सिस इकाईयों के तीन नामित निदेशकों के साथ और मजबूत किया जाएगा।

श्रद्धांजलियां

1. जापानी नोबेल पुरस्कार विजेता, इसामु अकासाकी का हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने किस विषय में पुरस्कार जीता था _____**भौतिकी।**

नोट:

- विश्वविद्यालय में एक प्रोफेसर अकासाकी को ऐसे आविष्कार के लिए सम्मानित किया गया था जिसने दीप्तिमान और ऊर्जा-बचत के श्वेत प्रकाश स्रोतों में योगदान दिया है, जिसे व्यापक रूप से LED लैंप के रूप में जाना जाता है।
- उन्हें 1997 में जापानी सरकार ने मेडल विद पर्पल रिबन से सम्मानित किया था, यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने अकादमिक और कला विकास में योगदान दिया हो।

2. प्रसिद्ध महिला शशिकला ओम प्रकाश सहगल का हाल ही में निधन हो गया, वह अनुभवी थीं _____ **अभिनेत्री।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- उन्हें बिमला, सुजाता, आरती, अनुपमा, गुमराह, खुबसूरत, मुझसे शादी करोगी और कभी खुशी कभी गम जैसी 100 से अधिक लोकप्रिय फिल्मों में देखा गया।
- उन्हें 2007 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

3. प्रख्यात व्यक्ति पी. बालाचंद्रन का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _____**मलयालम अभिनेता।**

नोट:

- उन्हें एक अभिनेता और पटकथा लेखक के रूप में लगभग 50 मलयालम फिल्मों का श्रेय दिया जाता है। फिल्म 'त्रिवेंद्रम लॉज' में उनका किरदार उल्लेखनीय था।
- उन्हें पुनाराधिवासम और कम्मट्टीपाडम जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। पुनाराधिवासम ने एक राष्ट्रीय पुरस्कार और दो राज्य पुरस्कार जीते हैं, जबकि समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कम्मट्टीपाडम ने चार राज्य पुरस्कार जीते।
- उन्होंने 1989 में अपने नाटक 'पावम उस्मान' के लिए दो बड़े पुरस्कार- केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार और केरल प्रोफेशनल नाटक अवॉर्ड जीते।

4. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ भगवती सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वह किस पार्टी से संबंधित थे _____**समाजवादी पार्टी।**

नोट:

- जुलाई 2004 से 2010 तक समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य, भगवती सिंह समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया से प्रेरणा लेकर समाजवादी आंदोलन में शामिल हुए।
- भगवती सिंह मुलायम मंत्रिमंडल के सदस्य थे और बाद में जब अखिलेश यादव सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए, तब वे उनके साथ थे। उन्होंने बख्शी का तालाब में चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के प्रबंधन का नेतृत्व किया।

महत्वपूर्ण दिवस

1. पढ़ाई के प्रति प्रेम और बच्चों का पुस्तक की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस (ICBD) आयोजित किया जाता है_____**2 अप्रैल।**

नोट:

- यह पहली बार 1967 में इंटरनेशनल बोर्ड ऑन बुक्स फॉर यंग पीपल (IBBY) द्वारा मनाया गया था।
- प्रत्येक वर्ष एक अलग नेशनल सेक्सन ऑफ IBBY के पास ICBD का अंतर्राष्ट्रीय प्रायोजक बनने और एक विषय निर्धारित करने का अवसर होता है।
- IBBY अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस 2021 का प्रायोजक है।
- विषम 2021: The Music of Words

2. विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस 2021 का विषय क्या है _____ **Recognise the Genius in Me।**

नोट:

- यह वह दिवस है जो करुणा और आत्मकेंद्रण जागरूकता फैलाता है।
- विषय: 'Recognise the Genius in Me'

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- आत्मकेंद्रण एक तंत्रिका-विकास विकार है जिसके लक्षण सामाजिक और भाषा संचार में कमी के साथ-साथ पुनरावृत्ति आचरण और प्रतिबंधित रुचि हैं।

3. संयुक्त राष्ट्र का खदान जागरूकता और खदान क्रिया में सहायता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है _____ **4 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस बारूदी सुरंगों और उनके उन्मूलन की दिशा में प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस का विषय 'Perseverance, Partnership, and Progress' है। इस वर्ष, यूएन ने काम को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है ताकि नई भागीदारी की जा सके।

4. अंतर्राष्ट्रीय अंत:करण (Conscience) दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_____**5 अप्रैल।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित, यह दिवस हमारे जीवन पर आत्म-चिंतन करने और हर समय सही काम करने और प्रयास करने के लिए मनाया जाता है।
- इसके पीछे का उद्देश्य सरल था।
- लोगों का अंत:करण कुछ स्थितियों में सर्वोत्तम तरीके से कार्य करने में मदद करता है।
- यह समाज में बेहतर काम करने का अधिकार भी देता है।

5. अंतर्राष्ट्रीय अंत:करण (Conscience) दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____**5 अप्रैल।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय अंत:करण दिवस 5 अप्रैल को मनाया जाने वाला वैश्विक जागरूकता दिवस है, जो मानव अंत:करण के महत्व को स्मरण करता है।
- यह दिवस लोगों को आत्म-चिंतन करने, उनके अंत:करण का पालन करने और सही काम करने की याद दिलाने का काम करता है।

6. अंतर्राष्ट्रीय खेल विकास एवं शांति दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____**6 अप्रैल।**

नोट:

- जैसा कि नाम से पता चलता है कि दिवस सतत विकास और मानवाधिकारों की उन्नति की ओर खेलों के सकारात्मक योगदान की प्रशंसा करने के लिए मनाया जाता है।
- 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव 67/296 पारित किए जाने के बाद यह दिवस अस्तित्व में आया।

7. विश्व स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____ **7 अप्रैल।**

नोट:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए चिंता के एक प्राथमिकता क्षेत्र को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस 2021 का विषय: "Building a fairer, healthier world for everyone"

नई नियुक्तियां

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMGC) का अतिरिक्त प्रभार किसने ग्रहण किया_____ **सुभाष कुमार।**

नोट:

- वह वर्तमान में ONGC में निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं।
- उन्होंने शशि शंकर की जगह ली, जो 31 मार्च, 2021 को सेवानिवृत्त हुए।
- सुभाष कुमार के पास अन्वेषण एवं उत्पादन (E&P) मूल्य श्रृंखला की विविध गतिविधियों में 36 वर्षों का अनुभव है।

2. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) का महानिदेशक किन्हें नियुक्त किया गया _____ **मुखमीत भाटिया।**

नोट:

- उन्होंने वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम किया है।
- उन्होंने झारखंड में श्रम एवं रोजगार और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रधान सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

3. लोक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) की अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया_____ **मल्लिका श्रीनिवासन।**

नोट:

- कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया, ट्रैक्टर एंड फार्म इक्विपमेंट (TAFE) लिमिटेड की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मल्लिका श्रीनिवासन को लोक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- यह पहली बार है कि किसी निजी क्षेत्र की विशेषज्ञ को PESB प्रमुख नियुक्त किया गया है, जो केंद्रीय लोक क्षेत्र उद्यम (CPSE) में शीर्ष प्रबंधन पदों की नियुक्ति के लिए उत्तरदायी है।

4. हाल ही में किन्हें ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज बोर्ड का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है _____**उर्जित पटेल।**

नोट:

- बोर्ड ऑफ ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को कंपनी का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया है।
- उन्हें गैर-कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशक की श्रेणी में पांच वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है।

5. BCCI की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था का प्रमुख किन्हें नियुक्त किया गया है_____**शब्बीर हुसैन शेखदम खंडवावाला।**

नोट:

- 1973 बैच के IPS अधिकारी खंडवावाला को 9 अप्रैल से शुरू होने वाले IPL से ठीक पहले नियुक्त किया गया है।
- वह दिसंबर 2010 में गुजरात DGP के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वह 10 वर्षों तक एस्सार ग्रुप के सलाहकार थे।
- वह केंद्र सरकार की लोकपाल खोज समिति के भी सदस्य रह चुके हैं, जिसे लोकपाल नियुक्त करने का आज्ञापत्र दिया गया था।

6. भारत का 48वां मुख्य न्यायाधीश किन्हें नियुक्त किया गया है_____**एन.वी. रमाना।**

नोट:

- न्यायमूर्ति रमाना का कार्यकाल अगले वर्ष 26 अगस्त तक होगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- 17 फरवरी, 2014 को सर्वोच्च न्यायालय में अपनी पदोन्नति से पहले, न्यायमूर्ति रमाना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।
- उनका जन्म आंध्र प्रदेश में एक कृषि परिवार में हुआ था।

7. डिजिट इंश्योरेंस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में किसे नियुक्त किया गया _____**विराट कोहली।**

नोट:

- एक जनरल इंश्योरेंस कंपनी 'डिजिट इंश्योरेंस' 1.9B डॉलर के मूल्यांकन के साथ 2021 की पहली यूनिकॉर्न बनी।
- इस करार के साथ, कंपनी का उद्देश्य क्रिकेटर के माध्यम से 'बीमा को सरल बनाने' का संदेश फैलाना है।
- ब्रांड का चेहरा बनने से पहले कंपनी में निवेश करने के लिए डिजिट इंश्योरेंस भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान को राज़ी करने में सक्षम थी।

8. वित्त मंत्रालय के अंतर्गत नया राजस्व सचिव किन्हें नियुक्त किया गया है _____**तरुण बजाज।**

नोट:

- तरुण बजाज को वित्त मंत्रालय के अंतर्गत नया राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है।
- वह अजय भूषण पांडेय की सेवानिवृत्ति के बाद, राजस्व विभाग के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे।

9. अटल इनोवेशन मिशन (AIM) का मिशन निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया_____**चिंतन वैष्णव।**

नोट:

- चिंतन वैष्णव को नीति आयोग के तहत सरकार की प्रमुख पहल अटल नवाचार मिशन (AIM) का मिशन निदेशक नियुक्त किया गया है।
- वह रामानाथन रामनन की जगह लेंगे।

10. सिडबी का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया है_____ **एस. रमण।**

नोट:

- नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक के लिए है।
- 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा अधिकारी रमण वर्तमान में भारत की पहली सूचना उपयोगिता नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के CEO हैं।

11. नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) की महानिदेशक किन्हें नियुक्त किया गया_____ **पूनम गुप्ता।**

नोट:

- गुप्ता थिंक टैंक के वर्तमान प्रमुख शेखर शाह की जगह लेंगीं और पद संभालने वाली पहली महिला बनेंगी।
- 2013 में विश्व बैंक में शामिल होने से पहले, गुप्ता NIPFP में भारतीय रिजर्व बैंक की चेयर प्रोफेसर और ICRIER में मैक्रोइकोनॉमिक्स की प्रोफेसर थीं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2021 में 156 देशों के बीच भारत की रैंक _____**140वीं।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- 2020 में भारत 153 देशों के बीच 112वें स्थान पर था।
- भारत दक्षिण एशिया में तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश है।
- आइसलैंड 12वीं बार सूचकांक में सबसे ऊपर है, इसके बाद फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूजीलैंड, रवांडा, स्वीडन, आयरलैंड और स्विट्जरलैंड हैं।
- अफगानिस्तान रिपोर्ट में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश है।
- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 WEF द्वारा वार्षिक प्रकाशन का 15वां संस्करण है।

2. बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री, मनसुख मंडाविया, ने सूरत के हजीरा पोर्ट और किसके बीच क्रूज शिप सेवा को हरी झंडी दिखाई_____ **दीव।**

नोट:

- 2014 से 2020 के बीच, भारतीय बंदरगाहों पर क्रूज कॉल लगभग 1 लाख यात्रियों के साथ 139 कॉल से बढ़कर 4.5 लाख यात्रियों के साथ 450 कॉल हो गई है।
- भारत सरकार 6 अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनलों की योजना बना रही है।

3. 100 मेगावाट की क्षमता वाला भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट किस राज्य में शुरू होने की उम्मीद है_____**तेलंगाना।**

नोट:

- इस परियोजना की स्थापना ऊर्जा समूह राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) द्वारा रामागुंडम, पेड्डापल्ली जिले स्थित अपने थर्मल पावर प्लांट के जलाशय में की गई है।
- 450 एकड़ में फैले सोलर फोटो-वोल्टिक प्रॉजेक्ट में 4.5 लाख फोटोवोल्टिक पैनल होंगे और भविष्य में इसका विस्तार किया जा सकता है।

4. किस संस्थान ने एकेडमी रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज (ARWU) 2020, जिसे शंघाई रैंकिंग भी कहा जाता है, में पहली रैंक हासिल की है_____**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc)।**

नोट:

- भारत में शीर्ष संस्थानों की ARWU रैंकिंग 2020 के अनुसार, देश के सभी प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) पहले स्थान पर था जबकि कलकत्ता विश्वविद्यालय तीसरे स्थान पर था।
- कलकत्ता विश्वविद्यालय ने एकेडमी रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज (ARWU) 2020 में भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच पहला स्थान और देश के शीर्ष उच्च शैक्षणिक संस्थानों में तीसरा स्थान हासिल किया है।

5. भारतीय मसाला बोर्ड किस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है, जिसने आपूर्ति श्रृंखला तथा व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने हेतु भारतीय मसालों के लिए ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसेबिलिटी इंटरफेस के निर्माण के उद्देश्य से UNDP इंडिया के एक्सीलरेटर लैब के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं_____**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय।**

नोट:

- ब्लॉकचेन एक मुक्त और साझा इलेक्ट्रॉनिक लेज़र पर लेनदेन रिकॉर्ड करने की विकेंद्रीकृत प्रक्रिया है।
- यह किसान, ब्रोकर, वितरक, संसाधकों, खुदरा विक्रेताओं, नियामकों और उपभोक्ताओं सहित एक जटिल नेटवर्क पर डेटा प्रबंधन में आसानी और पारदर्शिता की सुविधा प्रदान करता है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला सरल होती है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत किसकी जयंती को सार्वजनिक अवकाश 2021 घोषित किया गया है _____ **डॉ. बी.आर. अंबेडकर।**

नोट:

- कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के एक आधिकारिक आदेशानुसार, 14 अप्रैल को पूरे देश में केंद्र सरकार के कार्यालय, औद्योगिक प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे।
- बी.आर. अंबेडकर ने दलित बौद्ध आंदोलन चलाया था और स्वतंत्र भारत के पहले विधि एवं न्याय मंत्री थे।

7. जनजातीय समुदायों का स्वास्थ्य एवं पोषण बढ़ाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से कौन सी पहल शुरू की गई_____**अनामया।**

नोट:

- पीरामल फाउंडेशन और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (BMGF) द्वारा समर्थित एक बहु-हितधारक पहल, 'अनामया' जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य तथा पोषण स्थिति को बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों और संगठनों के प्रयासों को अभिमुख करेगी।

8. शहद और मधुमक्खी के छत्ते से संबंधित अन्य उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स को सक्षम बनाने के लिए "मधुक्रान्तिपोर्टल" और NAFED हनी कॉर्नर किसने लॉन्च किया_____**नरेंद्र सिंह तोमर।**

नोट:

- "मधुक्रान्तिपोर्टल" राष्ट्रीय मधुमक्खीपालन और शहद मिशन (NBHM) के तहत राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (NBB), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक पहल है।
- डिजिटल पोर्टल पर शहद और मधुमक्खी के छत्ते से संबंधित अन्य उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स को सक्षम बनाने के लिए इस पोर्टल को ऑनलाइन पंजीकरण हेतु विकसित किया जा रहा है।
- इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग साझेदार इंडियन बैंक है।

9. किसने अपने लॉजिस्टिक्स बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों की शीघ्र तैनाती के लिए महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (MLL) के साथ भागीदारी की है_____**फ्लिपकार्ट।**

नोट:

- यह साझेदारी देश में इसके लॉजिस्टिक्स बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों की शीघ्र तैनाती के लिए की गई है।
- दोनों संस्थाएं भारत में इलेक्ट्रॉनिक वाहन की तैनाती और परिचालन के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करेंगी।
- वे सहायक बुनियादी ढांचे और तकनीक जैसे चार्जिंग स्टेशन और पार्किंग स्थल, प्रशिक्षण कार्यबल, मार्ग नियोजन और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन साथ मिलकर विकसित करेंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. माटी महोत्सव भारत के किस हिस्से में मनाया जाता है_____**पूर्वांचल।**

नोट:

- पूर्वांचल महोत्सव 'माटी' का प्रथम संस्करण 2018 में सांस्कृतिक रूप से समृद्ध पूर्वांचल (वाराणसी, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, आजमगढ़, मिर्जापुर एवं प्रयाग मंडल तथा उत्तर प्रदेश के संपूर्ण अवध क्षेत्र) में लोक कलाओं और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

मधुर संगीत, पारंपरिक भोजन, साहित्य, जातीय संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया था।

2. पीएम-कुसुम योजना के तहत भारत की पहली कृषि-आधारित सौर ऊर्जा परियोजना शुरू करने वाला पहला राज्य _____**राजस्थान।**

नोट:

- इसकी क्षमता 1 मेगावाट है और यह 3.5 एकड़ की अर्ध-बंजर भूमि में फैला हुआ है।
- इसे लगभग 3.7 करोड़ रुपये के निवेश पर विकसित किया गया है।
- परियोजना द्वारा उत्पन्न बिजली राजस्थान विद्युत निगम लिमिटेड (3.14 रुपये प्रति यूनिट की दर से) द्वारा खरीदी जाएगी।

3. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाला भारत का पहला राज्य_____**राजस्थान।**

नोट:

- इस लॉन्च के साथ, राजस्थान प्रत्येक वर्ष हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया।
- स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2021-22 का राज्य बजट पेश करने के दौरान की गई थी।
- यह योजना 3,500 करोड़ रुपये की है।

4. विश्व बैंक ने किस राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हेतु 32 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 234.80 करोड़ रुपये) मंजूर किए हैं_____ **मिज़ोरम।**

नोट:

- विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने मिजोरम में प्रबंधन क्षमता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु 32 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 234.80 करोड़ रुपये) की 'मिजोरम हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रॉजेक्ट' नामक परियोजना को मंजूरी दी।
- यह परियोजना मिजोरम को स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता प्रमाणन में सुधार करने, मानव संसाधन बढ़ाने, स्वास्थ्य बीमा और अन्य नवाचारों में सुधार करने में मदद करेगी।

5. विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) ने किस राज्य में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2190 करोड़ रुपये) की नहर-आधारित पेयजल परियोजना के लिए ऋण को मंजूरी दे दी है _____**पंजाब।**

नोट:

- विश्व बैंक (WB) और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) ने पंजाब में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2190 करोड़ रुपये) की नहर-आधारित पेयजल परियोजना के लिए ऋण को मंजूरी दी है।
- पूरी परियोजना को विश्व बैंक के इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) (105 मिलियन अमेरिकी डॉलर), AIIB (105 मिलियन अमेरिकी डॉलर) और पंजाब सरकार (90 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के द्वारा सह-वित्तपोषित किया जाएगा।

6. NSC और PPF जैसी लघु बचत योजनाओं में किस राज्य का सर्वाधिक योगदान है_____**पश्चिम बंगाल।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वित्त मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, जनसंख्या के मामले में इसके बाद सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां 2017-18 (अंतिम अपडेट) के दौरान 5.96 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह में से 69,660.70 करोड़ रुपये का सकल संग्रह हुआ है।
- 2021-22 की पहली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज की दर 1 अप्रैल से शुरू हो रही है और 30 जून, 2021 को समाप्त हो रही है, जो 2020-21 की चौथी तिमाही (1 जनवरी से 31 मार्च, 2021) के लिए अधिसूचित रहेगी।

7. अम्बोली पश्चिमी घाट में किस राज्य में स्थित है जिसे हाल ही में जैव विविधता धरोहर स्थल घोषित किया गया है_____**महाराष्ट्र।**

नोट:

- इस जैव विविधता स्थल में एक दुर्लभ मीठे जल की मछली प्रजाति शिस्टुरा हिरण्यकेशी की खोज की गई है।
- इससे पहले, गढ़चिरौली जिले में अल्लापल्ली वैभव, जलगांव में लंढोर खोरी उद्यान, पुणे में गणेश खिंड, सिंधुदुर्ग जिले में मिरिस्टिका दलदली वनस्पति को जैव विविधता धरोहर स्थल घोषित किया गया है।
- जैव विविधता धरोहर स्थल भारत में जैव विविधता महत्व के अधिसूचित क्षेत्र हैं।

8. किस राज्य सरकार ने राज्य में कोविड टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी उपहार योजना शुरू की है_____**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- उप्र सरकार 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर टीकाकरण कराने वालों के लिए एक लकी ड्रा आयोजित करेगी।
- 25,000 से अधिक लाभार्थियों (जिन्होंने टीके की खुराक ली है) वाले जिले, इस उपहार योजना के पात्र होंगे।
- लकी ड्रा के बाद लाभार्थियों को 4 उपहार दिए जाएंगे।

9. कौन सा अंतर्राष्ट्रीय संगठन मिजोरम हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथिंग प्रॉजेक्ट का वित्तपोषण कर रहा है_____**विश्व बैंक।**

नोट:

- मिजोरम सरकार मिजोरम हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथिंग प्रॉजेक्ट को लागू कर रही है।
- विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने मिजोरम में प्रबंधन सेवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए 32 मिलियन डॉलर की परियोजना को मंजूरी दी है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. पहली वर्ल्ड इम्युनाइजेशन एंड लॉजिस्टिक्स समिट 2021 विश्व के किस शहर में आयोजित की गई थी _____**अबु धाबी, यूएई।**

नोट:

- भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन 'फोकस ऑन एशिया: वैक्सीन प्रोडक्शन एंड डिस्ट्रीब्यूशन इन एशिया' पर अंतिम पैनल चर्चा में वर्चुअली शामिल हुए।
- स्वास्थ्य विभाग, अबू धाबी द्वारा पूर्ण वैश्विक टीका वितरण के लिए द होप कंसोर्टियम की शुरुआत की गई।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

2. दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी लॉन्गी ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी कंपनी हाइड्रोजन बाजार में प्रवेश करने वाले किस देश की कंपनी है_____**चीन।**

नोट:

- चीन की लॉन्गी ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी कंपनी जो दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी हैं, हाइड्रोजन बाजार में प्रवेश कर रही है।
- ऐसा इसलिए है क्योंकि हाइड्रोजन एक कार्बन-मुक्त ईंधन है जो जल के विद्युत अपघटन द्वारा उत्पादित किया जा सकता है और फिर संग्रहीत तथा परिवहन किया जा सकता है और कारों, विद्युत जनरेटर से लेकर स्टील मिलों तक हर संभव मशीनरी में उपयोग किया जाता है।
- यह कंपनी, जो वेफर्स, सेल और पैनल बनाती है, लगभग 52 बिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से दुनिया की सबसे बड़ी सौर कंपनी है।

3. एक उन्नत रोग निगरानी प्रणाली इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफार्म (IHIP) को अपनाने वाला दुनिया का पहला देश _____**भारत।**

नोट:

- स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के साहसी, अत्याधुनिक और प्रासंगिक एकीकरण पर अपना उत्साह व्यक्त किया।
- भारत ऐसी उन्नत रोग निगरानी प्रणाली अपनाने वाला दुनिया का पहला देश है।
- उन्होंने बताया कि IHIP का नया संस्करण भारत के रोग निगरानी कार्यक्रम के लिए डेटा प्रविष्टि और प्रबंधन का केंद्र होगा।

4. वजोसा उस्मानी को किस देश की नई राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया है_____**कोसोवो।**

नोट:

- 120 सदस्यीय संसद में 82 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया और 11 मत अवैध घोषित किए गए।
- 38 वर्षीय राजनीतिज्ञ ने कोसोवो की प्रिस्टिना यूनिवर्सिटी में कानून का अध्ययन किया और अमेरिका में पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।

5. भारत ने वायुमंडलीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किस देश के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए है, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी_____**जापान।**

नोट:

- शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग तथा विनिमय के लिए नवंबर 2020 में राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (NARL) और अंतरिक्ष विभाग और रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल ह्यूमेनोस्फीयर (RISH), क्योटो यूनिवर्सिटी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- इस समझौते से शिगाताकी, जापान में मिडिल एंड अपर ऐटमॉस्फीयर (MU) रडार, कोटाटाबैंग, इंडोनेशिया में इक्यूटोरियल ऐटमॉस्फीयर रडार (EAR), और RISH से उपलब्ध पूरक उपकरणों और मीज़ोस्फीयर-स्ट्रैटोस्फीयर-ट्रोपोस्फीयर (MST) रडार और NARL पर उपलब्ध पूरक उपकरण जैसी सुविधाओं के पारस्परिक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

सम्मान एवं पुरस्कार

1. के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा सरस्वती सम्मान 2020 के लिए किसे चुना गया _____ **डॉ. शरणकुमार लिंबाले।**

नोट:

- सरस्वती सम्मान 2020 तीसवां सरस्वती सम्मान है।
- पुस्तक 'सनातन' में अछूतों के सामाजिक-सांस्कृतिक संघर्ष की कहानी दिखाती है।
- सरस्वती सम्मान 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है।
- यह भारत के सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कारों में से एक है।

2. 2019 के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया जाएगा_____ **रजनीकांत।**

नोट:

- सिनेमा में भारत का सर्वोच्च सम्मान।
- प्रस्तुतकर्ता: फिल्म समारोह निदेशालय
- इसका नाम धुंदिराज गोविंद फाल्के के नाम पर रखा गया है, जो भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है।
- इसे 1969 में स्थापित किया गया था।
- प्राप्तकर्ता को एक स्वर्ण कमल (गोल्डन लोटस) पदक, एक शॉल और 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलता है।

3. किस उपन्यास ने फिक्शन के लिए नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल प्राइज जीता_____**हैमनेट।**

नोट:

- मैगी ओ'फारेल के हैमनेट को फिक्शन के लिए नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल प्राइज से सम्मानित किया गया।
- वर्तमान महामारी के लिए समयोजित कहानी 'हैमनेट' परिवार पर लड़के की बीमारी और उसकी मौत के प्रभाव की छान-बीन करती है। वह शेक्सपियर का इकलौता पुत्र था।

4. वर्ष 2021 के लिए कलिंग रत्न सम्मान से किसे सम्मानित किया गया_____ **बिस्वभूषण हरिचंदन।**

नोट:

- यह एम. वेंकैया नायडू द्वारा आदिकवि सरला दास की 600वीं जयंती और सरला साहित्य संसद के 40वें समारोह के दौरान दिया गया।
- इस पुरस्कार में देवी सरस्वती की एक चांदी की प्रतिमा और एक तांबे की पट्टिका दी गई।
- सरला दास 15वीं शताब्दी की एक उत्कृष्ट साहित्यिक प्रतिभा थीं, जिन्हें आदि कवि के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने ओडिया में साहित्यिक कृतियां लिखीं।

5. 2020 एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी (ACM) ए.एम. ट्यूरिंग अवार्ड, जिसे अनौपचारिक रूप से "कंप्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है, किसने जीता _____**अल्फ्रेड वी. अहो।**

नोट:

- लॉरेंस गस्मैन प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ कंप्यूटर साइंस, अल्फ्रेड वी. अहो ने 2020 एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी (ACM) ए.एम. ट्यूरिंग अवार्ड जीता, जिसे अनौपचारिक रूप से "कंप्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है। अहो ने अपने दीर्घकालीन सहयोगी जेफरी डेविड उल्मैन के साथ पुरस्कार साझा किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- अहो और उल्मैन ने 1967 में बेल लैब्स में एक साथ काम करना शुरू किया और उनके प्रारंभिक प्रयासों में प्रोग्रामिंग भाषाओं का विश्लेषण और अनुवाद करने के लिए कुशल एल्गोरिदम का विकास शामिल था।

6. दुनिया के अरबपतियों की फोर्ब्स की वार्षिक सूची 2021 में शीर्ष पर कौन है_____ **जेफ बेजोस।**

नोट:

- जेफ बेजोस ने दुनिया के अरबपतियों की फोर्ब्स की वार्षिक सूची 2021 में लगातार चौथे वर्ष शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- भारत के सबसे अमीर अरबपति मुकेश अंबानी 84.5 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दसवें स्थान पर रहे।
- एलोन मस्क दूसरे स्थान पर रहे, इसके बाद बर्नार्ड अरनॉल्ट, बिल गेट्स और मार्क जुकरबर्ग का स्थान है।

7. वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु जीडी बिड़ला पुरस्कार 2021 के लिए किसे चुना गया है_____**सुमन चक्रवर्ती।**

नोट:

- सुमन चक्रवर्ती को वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु जीडी बिड़ला पुरस्कार 2021 के लिए चुना गया है।
- वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), खड़गपुर में एक संकाय सदस्य हैं, उन्हें किफायती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अभियांत्रिकी विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान और विकासशील प्रौद्योगिकियों में अनुप्रयोगों हेतु चुना गया है।

खेल समाचार

1. कौन सा देश पुरुषों की मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप, 2023 की मेजबानी करेगा_____ **उज्बेकिस्तान।**

नोट:

- ताशकंद को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ उज्बेकिस्तान द्वारा सफल बोली के बाद 2023 **AIBA** पुरुष मुक्केबाजी विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप प्रदान की गई थी।
- प्रतियोगिता का 22वां संस्करण पहला संस्करण होगा जब उज्बेकिस्तान इसकी मेजबानी करेगा।
- उज्बेकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के सबसे सक्रिय सदस्यों में से एक है।

2. ओमान में एशियाई क्वालीफायर्स की लेजर रेडियल स्पर्धा में शीर्ष स्थान सुनिश्चित करने के बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला नाविक_____**नेत्रा कुमानन।**

नोट:

- 23 वर्षीय कुमानन को एक रेस बाकी होने के साथ लेजर रेडियल क्लास इवेंट में अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी - राम्या सरावनन - जो भारतीय हैं - पर 21 अंकों की बढ़त है।
- मुसना ओपन चैंपियनशिप में प्रतियोगिता के अंत से ठीक पहले दिन में चेन्नई की कुमानन के वर्तमान में 18 अंक हैं, जबकि सरावनन के 39 अंक हैं, यह एक संयुक्त एशियाई और अफ्रीकी ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतिस्पर्धा है।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'नेम्स ऑफ द वूमन' पुस्तक के लेखक _____ **जीत थायिल।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह पुस्तक उन महिलाओं के दृष्टिकोण से नए विधान की असाधारण पुनर्कल्पना को दर्शाती है जो ईसा मसीह की शिष्या बन गईं और जिनकी भूमिका को गोस्पल से मिटा दिया गया।
- जीत थायिल: प्रसिद्ध लेखक, अपनी पुस्तक 'नार्कोपोलिस' के लिए जाने जाते हैं, जिसे मैन बुकर प्राइज़ 2012 के लिए चुना गया था और दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए DSC पुरस्कार जीता।

2. 'मनोहर पर्रिकर: ब्रिलिएंट माइंड, सिंपल लाइफ' पुस्तक के लेखक_____ **नितिन गोखले।**

नोट:

- पुस्तक ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित की गई है।
- यह पर्रिकर के व्यक्तित्व - पुरुष, राजनीतिज्ञ और देशभक्त के रूप में - प्रस्तुत करने का प्रयास है। गोखले एक प्रसिद्ध लेखक, मीडिया ट्रेनर और रक्षा संबंधी विशेष वेबसाइट BharatShakti.in और StratNewsGlobal.com के संस्थापक हैं।

3. भारत के उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा विमोचित "सुपरीपालना" पुस्तक के लेखक_____ **शैलेंद्र कुमार जोशी।**

नोट:

- भारत के उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने तेलंगाना के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार जोशी (एस.के. जोशी) द्वारा लिखित पुस्तक "सुपरीपालना" का विमोचन किया।
- यह पुस्तक श्री एस के. जोशी की पुस्तक 'इको टी कॉलिंग: टुवर्ड्स पीपल-सेंट्रिक गवर्नेंस' का तेलुगु अनुवाद है।
- पुस्तक का अनुवाद अन्नावारापू ब्रह्मैया द्वारा किया गया है और इसे मारुति द्वारा प्रकाशित किया गया है।

विज्ञान एवं रक्षा

1. भारतीय-अमेरिकी स्पेशल फोर्स अभ्यास के 11वें संस्करण 'वज्र प्रहार 2021' का आयोजन भारत के किस राज्य में किया गया था_____**हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की स्पेशल फोर्स के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना है।
- वज्र प्रहार संयुक्त मिशन योजना और परिचालन रणनीति जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्यप्रणाली तथा अनुभव साझा करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।

2. बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'शांतिर अग्रसेना 2021' किस देश में आयोजित किया गया_____**बांग्लादेश।**

नोट:

- यह 4 से 12 अप्रैल, 2021 तक आयोजित किया जाएगा।
- विषय: **Robust Peace Keeping Operations**
- यह बांग्लादेश के जनक, बंगबंधु मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।
- अन्य प्रतिभागी: भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश

3. DRDO के किस प्रतिष्ठान ने नौसेना के जहाजों की मिसाइल हमले से सुरक्षा करने के लिए एक उन्नत चाफ तकनीक विकसित की है_____**डिफेंस लेबोरेटरी, जोधपुर।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- चाफ एक निश्चेष्ट उत्सर्जनीय इलेक्ट्रॉनिक प्रत्युपाय तकनीक है जिसका उपयोग दुनिया भर में नौसेना के जहाजों को दुश्मन के रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) मिसाइल खोजक से बचाने के लिए किया जाता है।
- DRDO प्रयोगशाला डिफेंस लेबोरेटरी जोधपुर ने भारतीय नौसेना की गुणात्मक जरूरतों को पूरा करते हुए इस महत्वपूर्ण तकनीक के तीन प्रकारों - शॉर्ट रेंज चाफ रॉकेट, मीडियम रेंज चाफ रॉकेट और लॉन्ग रेंज चाफ रॉकेट - को स्वदेशी रूप से विकसित किया है। DRDO प्रयोगशाला द्वारा उन्नत चाफ तकनीक का विकास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है।

4. इनमें से कौन सैन्य अभ्यास ला पेरोसे का हिस्सा नहीं है_____**रूस।**

नोट:

- प्रतिभागी: भारतीय नौसेना, फ्रेंच नेवी (FN), रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (RAN), जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) और यूनाइटेड स्टेट्स नेवी (USN)
- यह तीन दिवसीय अभ्यास के रूप में और पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co